# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी का शुभारंभ करेंगे।
- द्वीपसमूह में निर्माण कार्य में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री से एम पी लैड कोष में वृद्धि करने का अनुरोध किया है।
- अंडमान निकोबार प्रशासन ने चार उच्च क्षमता वाले वाटर पंपों की स्थापना और कमीशनिंग को मंजूरी दी।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के राजस्व विभाग की ओर से डॉ. बी. आर. अंबेडकर ऑडिटोरियम के किराए में संशोधन किया गया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी का शुभारंभ करेंगे। यह सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और देश में समावेशी, नागरिक–केंद्रित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सहकारिता मंत्रालय ने कहा है कि यह प्लेटफॉर्म सारथी कहे जाने वाले चालकों को स्वामित्व, संचालन और मूल्य सृजन के केंद्र में रखेगा। भारत टैक्सी शून्य कमीशन और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मूल्य निर्धारण मॉडल पर काम करेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह की भौगोलिक स्थिति और निर्माण कार्य में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री से एम पी लैड कोष में वृद्धि करने का

अनुरोध किया है। सांसद ने अपने लिखे पत्र में कहा कि भौगोलिक दृष्टि से दूरी और परिवहन के कारण डी एस आर–2021 के अनुसार, मुख्य भूमि की तुलना में यहाँ निर्माण लागत 50 से 70 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान में दिए जाने वाले 5 करोड़ रूपये प्रति वर्ष की एमपी लैड निधि द्वीपों की जरूरतों के लिए अपर्याप्त है। सांसद ने कहा कि पिछले 14 वर्षों में एमपी लैड निधि में कोई संशोधन नहीं हुआ है, जबकि इस दौरान सामग्री और श्रम की लागत में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने द्वीपसमूह को विशेष दर्जा दिए जाने की अपील करते हुए एक अतिरिक्त सीलिंग की मांग की है। सांसद ने कहा कि यह कदम न केवल द्वीपों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार लाएगा।

<><><><><><><>

रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में छह सदस्यों की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक बैठक कल शुरू हुई। बैठक में ब्याज दरों पर विचार–विमर्श हो रहा है। ब्याज दरों के बारे में फैसले की घोषणा कल सुबह की जाएगी। ज्यादातर अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि रिज़र्व बैंक यथास्थिति बनाए रखेगा क्योंकि वह पिछले वर्ष के शुरू में ही रेपो दरों में एक सौ 25 आधार अंकों की कटौती कर चुका है और मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है।

<><><><><><><>

इंटरनेशनल हयूमन राईट एंड क्राइम कंट्रोल ऑर्गानाइजेशन ने जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कल एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इसका उद्देश्य बच्चों में बढ़ते अपराध तथा नशे से संबंधित जानकारी देना और संस्था द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करना था। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष सरस्वती नारायण ने संस्था की उपलब्धि पर प्रकाश डाला।

## बाईट–सरस्वती नारायण–32 से0

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद क्षेत्र में निर्बाध और बेहतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चार उच्च क्षमता वाले वाटर पंपों की स्थापना और कमीशनिंग को मंजूरी दे दी है। इसके तहत श्री विजयपुरम मुख्यालय पर 410 हॉर्सपावर के 4 पंप लगाए जाएंगे। इस परियोजना के लिए 2.69 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस पहल से गाराचारमा और बाजार क्षेत्रों के निवासियों को सीधा लाभ होगा। बढ़ी हुई क्षमता के साथ, पानी को नगरपालिका परिषद कमांड टैंकों तक अधिक कुशलता से पहुंचाया जा सकेगा, जिससे टैंक तेजी से भरेंगे। नया सिस्टम मौजूदा वितरण नेटवर्क पर बोझ को कम करेगा, जिससे सिस्टम की कार्यक्षमता बढ़ेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के राजस्व विभाग की ओर से डॉ. बी. आर. अंबेडकर ऑडिटोरियम के किराए में संशोधन किया गया है। इसके तहत अधिकांश श्रेणियों के लिए दरों में कटौती की गई है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आम जनता और सरकारी विभागों के लिए किराए में लगभग 40 प्रतिशत की कटौती की गई है, जो अब 35,400 से घटकर 21,240 हो गई है। व्यावसायिक कार्यक्रमों के लिए किराए में 50 प्रतिशत की कमी की गई है। सामान्य श्रेणी के लिए सुरक्षा निधि को भी 10,000 रूपये से घटाकर 5,000 रूपये कर दिया गया है, जबकि रिहर्सल के लिए दरें पहले की तरह स्थिर रखी गई हैं।

<><><><><><><>

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से छात्रों को आर्द्रभूमि के महत्व और जैव विविधता संरक्षण पर जानकारी देने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनवीबीडीसीपी के कीटविज्ञानी डॉ. बी. सुमित कुमार राव ने आर्द्रभूमि का पारिस्थितिक महत्व और जैव विविधता के संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। यह दिन 2 फरवरी, 1971 को ईरान के रामसर में आर्द्रभूमि पर हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को अपनाने की याद में हर साल मनाया जाता है। कार्यक्रम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय, डॉलीगंज के कुल 50 छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

ओपन स्टेट आर्चरी चैंपियनशिप और चयन ट्रायल 13 और 14 फरवरी, को श्री विजयपुरम में आयोजित किया जाएगा। इंडियन राउंड और रिकर्व स्पर्धा के लिए सब–जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणी के अंतर्गत चयन ट्रायल लिया जाएगा। चयनित रिकर्व टीम पुडुचेरी में 27 फरवरी से पहली मार्च तक आयोजित होने वाले एनटीपीसी खेलो इंडिया साउथ जोन ओपन आर्चरी टूर्नामेंट में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेगी। इसमें भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि 12 फरवरी तक गूगल फार्म के माध्यम से जमा कर सकते हैं। पंजीकरण लिंक अंडमान निकोबार आर्चरी एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ में आर. मैमूना से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

कार निकोबार जिले में कल 9वें डॉ. बी. श्रीकांत मेमोरियल टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। इस अवसर पर निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले

और जिला पुलिस अधीक्षक राहुल एल नायर उपस्थित थे। कल खेले गए फाइनल मैच में स्मॉल लापाती स्पोर्टिंग क्लब की टीम ने मुस स्पोर्टिंग क्लब को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यह टूर्नामेंट जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्गीय डॉ. बी. श्रीकांत, की याद में आयोजित किया जाता है, जिन्होंने अपनी सेवा के दौरान समर्पण और जनसेवा की एक मिसाल पेश की थी। इस टूर्नामेंट में विभिन्न स्थानीय विभागों सहित कुल 24 टीमों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

**द डेली टेलीग्राम्स** ने नई दिल्ली में परमवीर सागर यात्रा के भव्य समापन के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इस खबर के अलावा **द्वीप समाचार** ने माई भारत बजट क्वेस्ट का शुभारंभ करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक के समाचार को अपने पहले पन्ने के मध्यम में जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने सांसद द्वारा प्रधानमंत्री से एम पी लैड फंड में वृद्धि करने की मांग के समाचार को प्रमुखता दी है, जबकि **इंफो इंडिया** ने श्री विजयपुरम में 21 और 22 मार्च को होने वाले मैंग्रोप कार्यशाला के समाचार को अपने पहले पन्ने में छापा है।

<><><><><><><>